

ब्रायन लारा के 400

ब्रायन लारा का नाम इस लिस्ट में एक बार फिर है और सबसे ऊपर। लारा ने साल 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ सेंट जोंस में 400 रनों की नाबाद पारी खेली थी। वह टेस्ट क्रिकेट में 400 रन बनाने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं। लारा ने अपनी पारी में 43 चौके और चार छक्के लगाए थे। उन्होंने 582 गेंदों का सामना किया और 778 मिनट तक बल्लेबाजी की।

## टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। टेस्ट क्रिकेट में किसी भी खिलाड़ी की भरपूर परीक्षा होती है। बल्लेबाज के संयम, धैर्य, तकनीक और रन बनाने की असली क्षमता का परिचय तो टेस्ट क्रिकेट में ही होता है। इसके साथ ही एक बार टिक जाने के बाद किसी भी बल्लेबाज के लिए इसमें रन बनाने के अवसर भी काफी ज्यादा होते हैं। अगर वह क्रीज पर टिककर संयम और धैर्य के साथ बल्लेबाजी कर सकता है तो रेकॉर्ड बनाए जा सकते हैं। यहां लंबी पारियां और बड़े स्कोर बनाने का मौका होता है। टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजटेस्ट क्रिकेट में सिर्फ एक बार किसी बल्लेबाज ने एक पारी में 400 रन बनाए हैं। लेकिन उसके इसके अलावा कई ऐसे बल्लेबाज रहे जिन्होंने 350 से ज्यादा का स्कोर बनाया है।

**गैरी सोबर्सः** इस महान ऑलराउंडर ने 1938 में बने लेन हटन के 364 रनों के रेकॉर्ड को तोड़ा। 26 फरवरी1958 को पाकिस्तान के खिलाफ किंग्सटन में उन्होंने नबादा 365 रन बनाए। सोबर्स ने 38 चौके जड़े और 614 गेंदों का सामना किया।

**महेला जयवर्धनेः** श्रीलंका के इस स्टाइलिश बल्लेबाज ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2006 में कमाल की पारी खेली। उन्होंने 374 रन बनाए। कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर 572 गेंदों का सामना करते हुए यह मैराथन पारी खेली। उन्होंने 43 चौके और एक छक्का लगाया।

# रोहित को देखकर आती है सचिन वाली फील

क्रिकेट

## राहुल को रोहित शर्मा और शिखर धवन से मिलती है कड़ी चुनौती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया के युवा ओपनिंग बल्लेबाज केएल राहुल टीम इंडिया में इन दिनों कई उपयोगी भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। वह ओपनिंग से लेकर नंबर 4 और नंबर 5 तक बैटिंग करते दिखते हैं इसके अलावा बीती कुछ सीरीज में सीमित ओवर क्रिकेट में वह विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में भी खेलते दिखाई दिए।

वर्ल्ड कप 2019 से ही केएल राहुल ने अपने प्रदर्शन में जो निरंतरता दिखाई है उसके बाद से यह बहस तेज हो गई है कि उन्हें ओपनिंग बल्लेबाज के रूप में भरपूर मौका मिलना चाहिए। लेकिन यहां उन्हें रोहित शर्मा और शिखर धवन से कड़ी चुनौती मिलती है।

केएल राहुल हाल ही में इंडिया टुडे के एक शो इन्सप्रेशन में नजर आए। इससे पहले इसी शो पर टीम इंडिया के उपकप्तान रोहित शर्मा आए थे तो उन्होंने यहां केएल राहुल की जमकर तारीफ की थी। तब रोहित ने राहुल की तारीफ में कहा था कि टी20 फॉर्मेट में केएल ओपनिंग के लिए टीम मैनेजमेंट की पहली पसंद हैं और ओपनिंग के दूसरे स्थान के लिए मुझमें और शिखर में कॉम्पिटीशन रहता है।



केएल राहुल ने रोहित शर्मा की इस तारीफ के लिए उनका आभार जताते हुए कहा, मैं खुद रोहित शर्मा की बैटिंग का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं और अब मैं कुछ सालों से उनके साथ खेल रहा हूं। उनकी बैटिंग देखकर में बस भौचक्का रह जाता हूं। जैसे कई खिलाड़ी सचिन तेंडुलकर को देखकर भौचक्के रह जाते थे और वह यह नहीं समझ पाते थे कि उनकी तारीफ में अब क्या कहना है। जब मैं रोहित के सामने होता हूं तो यही हाल मेरा होता है।

केएल राहुल ने सीमित ओवरों में टीम इंडिया के उपकप्तान की तारीफ करते हुए कहा, वह टीम में ऐसे शख्स हैं, जिन्होंने मनोबल बढ़ाया है उन्हें मुझ पर काफी भरोसा है। मैंने देखा है कि वह मुझे सपॉर्ट करते हैं और कई मौकों पर मेरे लिए खड़े हुए। जब कोई सीनियर खिलाड़ी किसी युवा खिलाड़ी को ऐसा सपॉर्ट करता है तो युवा खिलाड़ी का विश्वास और भी मजबूत होता है क्योंकि उन्हें यह अहसास होता है कि सीनियर खिलाड़ी यह समझते हैं कि वह भी उनकी तरह जिम्मेदारी ले सकता है।

आईपीएल में किंग्स इलेवन पंजाब के इस कप्तान ने कहा, टीम में अलग–अलग स्थानों के लिए एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हैं और सभी खिलाड़ी इसे एंजॉय करते हैं। राहुल ने कहा कि वह अच्छे से जानते हैं कि आने वाले कुछ समय तक कुछ बैटिंग स्लॉट्स में बदलाव की कोई संभावना नहीं है।

## सौरभ गांगुली ने बनाया मुझे निडर गेंदबाजः हरभजन सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हरभजन सिंह ने कई कप्तानों की अगुआई में खेला है। उन्होंने मोहम्मद अजहरुद्दीन की कप्तानी में शुरुआत की। इसके बाद लंबे समय तक सौरभ गांगुली की टीम का हिस्सा रहे। इसके अलावा वह महेंद्र सिंह धोनी, राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले और विराट कोहली से लेकर रोहित शर्मा की उनके कप्तान रहे।

तो, आखिर उनके करियर पर किस कप्तान का सबसे ज्यादा असर रहा, इस सवाल के जवाब में 39 वर्षीय इस खिलाड़ी ने बिना देर किए सौरभ गांगुली का नाम लिया। आकाश चोपड़ा के साथ यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए हरभजन ने कहा, मेरे लिए सौरभ गांगुली की भूमिका बहुत



अहम थी। मेरी जिंदगी में एक वक्त ऐसा आया था कि मैं समझ नहीं पा रहा था कि कौन मेरे साथ है और कौन नहीं। कई लोग मेरे मुंह पर मेरे साथ होने की बात करते थे लेकिन उनमें से ज्यादातर मेरे साथ नहीं थे। ऐसे वक्त में जब मेरे साथ कोई नहीं था गांगुली ने मेरा साथ दिया।

उन्होंने कहा, श्चयनकर्ता मेरे खिलाफ थे, उन्होंने मेरे मुंह पर काफी कुछ कहा था जो मैं बता नहीं सकता। मैं गांगुली की जितनी भी तारीफ करूं कम है। अगर वह कप्तान नहीं होते तो पता नहीं कोई और कप्तान मेरा इतना साथ देता। उन्होंने कहा, अगर किसी एक खिलाड़ी ने मेरे करियर को सबसे ज्यादा सपॉर्ट किया तो वह सौरभ गांगुली थे। अगर वह नहीं होते तो मैं 100 टेस्ट मैच नहीं खेल पाता।

हरभजन ने यह भी बताया कि गांगुली ने कैसे उन्हें निडर गेंदबाज बनाने में मदद की। उन्होंने कहा, सौरभ हमेशा अपने गेंदबाजों की मदद करते थे। वह आपको गेंदबाजी करने की आजादी देते थे और अपने हिसाब से चीजें करने देते थे जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ता था। अगर आपको कैच के लिए 4–5 आगे चाहिए होते थे तो वह आपको देते थे।

## रमीज राजा पर भड़के मोहम्मद हफीज बोले– संन्यास पर फैसला सिर्फ मेरा हक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के ऑलराउंडर खिलाड़ी मोहम्मद हफीज ने पूर्व कप्तान रमीज राजा पर निशाना साधते हुए कहा कि संन्यास लेने का फैसला करने का हक सिर्फ उनका है। रमीज ने पिछले दिनों इंग्लैंड दौरे के लिए चुनी गई टीम में हफीज को जगह मिलने के बाद 39 साल के इस सीनियर खिलाड़ी से खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की सलाह दी थी। उन्होंने 29 खिलाड़ियों के पूल में हफीज को जगह देने के लिए मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता मिसबाह–उल–हक की आलोचना भी की थी। रमीज पर पलटवार करते हुए हफीज ने कहा कि वह किसी और की सलाह पर क्रिकेट खेलना नहीं छोड़ेंगे।

हफीज ने कहा, मैं किसी के कहने पर क्रिकेट नहीं खेलता न ही किसी के कहने पर क्रिकेट छोडूंगा। यह मेरा जीवन है, क्रिकेट करियर और संन्यास पर फैसला करना का हक मेरा भी है। पाकिस्तान के इस पूर्व कप्तान ने 55 टेस्ट खेलने के बाद संन्यास ले लिया था लेकिन वह सीमित ओवरों के प्रारूप में सक्रिय हैं। उन्होंने 218 एकदिवसीय और 91 टी20 मैच खेले हैं।

## न्यूज डायरी



### कोरोना महामारी के बीच टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन संभव नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन अर्ल एडिंग्स ने मंगलवार को स्वीकार किया कि कोरोना वायरस महामारी के बीच इस साल टी20 विश्व कप का आयोजन 'अवास्तविक' है क्योंकि 16 टीमों का यहां आ पाना संभव नहीं होगा। अक्टूबर–नवंबर में होने वाले टूर्नामेंट के बारे में आईसीसी को फैसला लेना है। कोरोना महामारी के कारण कई देशों में यात्रा पाबंदियां लागू हैं। एडिंग्स ने वीडियो कॉन्फ्रेंस में कहा, 'मैं तो यही कहूंगा कि यह मुश्किल है। 16 टीमों को ऑस्ट्रेलिया लाना आसान नहीं जबकि कई देशों में कोरोना महामारी का प्रकोप जारी है।' आईसीसी ने पिछले सप्ताह बोर्ड की बैठक के बाद इस टूर्नामेंट पर फैसला एक महीने के लिए टाल दिया था। ऐसी अटकलें हैं कि टूर्नामेंट स्थगित हो सकता है और उस समय आईपीएल कराया जायेगा। ऑस्ट्रेलिया में हालांकि महामारी पर काबू पा लिया गया है। यहां सात हजार से अधिक मामले आए थे और 6000 से अधिक लोग स्वस्थ हो चुके हैं।

### इंग्लैंड दौरे पर खिलाड़ियों, अधिकारियों के साथ नहीं जाएंगे परिवारः पीसीबी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अगले महीने के इंग्लैंड दौरे पर खिलाड़ियों और अधिकारियों के साथ उनके परिवारों को जाने की अनुमति नहीं देगा क्योंकि कोरोना वायरस महामारी के कारण अतिरिक्त एहतियात बरती जा रही है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड विशेष चार्टर्ड फ्लाइट पर पांच लाख पाउंड खर्च कर रहा है जिससे 29 खिलाड़ी और 14 अधिकारी पाकिस्तान से इंग्लैंड आएंगे। पाकिस्तान बोर्ड के एक सूत्र ने कहा, 'बोर्ड ने खिलाड़ियों को साफ तौर पर कहा है कि उनके परिवार उनके साथ नहीं जा सकते क्योंकि वहां जाकर भी उन्हें अलग ही रहना पड़ेगा। पूरी टीम सितंबर में दौरा खत्म होने तक अपने परिवारों से मिल नहीं सकेगी।' तीन टेस्ट और तीन टी20 मैचों की सीरीज 30 जुलाई से खेली जाएगी। सूत्र ने कहा, 'बोर्ड ने खिलाड़ियों को बता दिया है कि इंग्लैंड पहुंचते ही उन्हें बर्मिंगम में 14 दिन पृथक रहना होगा।

### हिमा दास खेल रत्न अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट, सबसे कम उम्र की खिलाड़ी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। साल 2018 में शानदार प्रदर्शन करने वाली देश की शीर्ष फर्राटा धाविका हिमा दास का नाम असम सरकार ने प्रतिष्ठित खेल रत्न अवॉर्ड के लिए भेजा है। असम के खेल सचिव दुलाल चंद्र दास ने खेल मंत्रालय को पांच जून को अनुशंसा पत्र भेजा। असम के ढिंग गांव की रहने वाली दास इस साल राजीव गांधी खेल रत्न अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट होने वाली सबसे युवा खिलाड़ी हैं। हिमा ने फिनलैंड में 2018 में अंडर–20 वर्ल्ड चौंपियनशिप में वैश्विक खिताब जीता था और वह ऐसा करने वाली देश की पहली ट्रैक ऐथलीट बनी थीं। हिमा के अलावा भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, पहलवान विनेश फोगाट, टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा, महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल और क्रिकेटर रोहित शर्मा का नामांकन भी देश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार के लिए किया गया है। 20 साल की हिमा ने 2018 में अंडर–20 विश्व खिताब के अलावा जकार्ता एशियाई खेलों में 400 मीटर में सिल्वर, चार गुणा 400 मीटर रिले और महिला चार गुणा 400 मीटर में स्वर्ण पदक जीता।

### कोरोना से मंदी– क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ केविन रॉबर्ट्स ने मंगलवार को पद से इस्तीफा दे दिया, जिनकी जगह टी20 वर्ल्ड कप के मुख्य कार्यकारी निक हॉकली को अंतरिम प्रभार दिया गया है। यह बदलाव ऐसे समय में हुआ है, जब कोरोना वायरस महामारी के कारण बोर्ड आर्थिक परेशानियों से जूझ रहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन अर्ल एडिंग्स ने लाइव स्ट्रीम के जरिए बताया कि पिछले कुछ महीने से परेशानी का सबब बने इस अड़चन के बाद बोर्ड को आगे बढ़ने के लिए ताजा नेतृत्व की जरूरत है। सीए ने एक बयान में कहा, सीए बोर्ड ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के मुख्य कार्यकारी निक हॉकली तुरंत प्रभाव से अंतरिम मुख्य कार्यकारी होंगे।